**आरोप** ▶ ठेकेदार पर सिंडिकेट चलाने के आरोप

# ब्योहारी में अवैध शराब पैकारी का जाल



**नवभारत ब्योहारी।** क्षेत्र में वैध ठेके की आड़ में अवैध शराब कारोबार का बड़ा नेटवर्क संचालित होने की चर्चाएं तेज हैं। नगर के वार्डों से लेकर आसपास के सुदूर ग्रामीण अंचलों तक अवैध तरीके से शराब की पैकारी कराए जाने का आरोप है। हालात ऐसे बन गए हैं मानो हर गली-मोहल्ले में ठेका खुल गया हो। नया ठेका शुरू होते ही शराब माफियाओं की सक्रियता बढ़ गई है। जनचर्चा के अनुसार ठेकेदार लक्ष्मी जायसवाल कथित तौर पर इस पूरे सिंडिकेट का संचालन कर रहा है।

## आबकारी विभाग से सांठगांठ के आरोप

स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आम है कि ठेकेदार और जिला आबकारी विभाग के अधिकारियों के बीच कथित सेटिंग के चलते यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है।

सूत्रों का कहना है कि विभाग की कार्रवाई केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली कच्ची महुआ शराब तक सीमित रह गई है, जबकि बड़े पैमाने पर हो रही अवैध पैकारी पर नजरअंदाज किया जा रहा है। विभागीय कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### बिना बिल बेची जा रही शराब, ओवररेटिंग का आरोप

शराब दुकानों पर बिना बिल और रसीद के शराब बेचे जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि ग्राहकों से निर्धारित कीमत से अधिक वसूली की जा रही है। इससे न केवल उपभोक्ताओं की जेब पर असर पड़ रहा है, बल्कि मिलावटी या जहरीली शराब की स्थिति में जिम्मेदारी तय करना भी मुश्किल हो सकता है।


### युवा कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री और ओवररेटिंग के विरोध में ब्लॉक युवा कांग्रेस ब्योहारी ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर 10 दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि अवैध कारोबार पर रोक नहीं लगी तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

### इनका कहना है

सूचना मिलने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है और जल्द ही संबंधित स्थानों पर भी जांच कर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

**रजनीश त्रिपाठी, उप निरीक्षक एवं प्रभारी आबकारी विभाग**



# यूआईटी उत्सव के चौथे दिन खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों से गूंजा परिसर

**शहडोल।** यूआईटी शहडोल में आयोजित यूआईटी उत्सव 2026 के चतुर्थ दिवस पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक विचारपुर के वाइस प्रेसिडेंट (माइंस) एस.के.एच. कादरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में इंडस्ट्री और अकादमिक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।

खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट मुकाबला मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें मैकेनिकल तृतीय वर्ष और चतुर्थ वर्ष के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी तृतीय वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 23 रनों से जीत दर्ज की। कबड्डी में माइनिंग द्वितीय वर्ष ने प्रथम वर्ष को हराया, जबकि वॉलीबॉल में माइनिंग द्वितीय वर्ष ने तृतीय वर्ष को 2-1 से पराजित कर जीत हासिल की। बैडमिंटन (महिला वर्ग) के सेमीफाइनल में संचिता सेन ने नाजिया हसन को 2-1 सेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला संचिता सेन और बी. खुशी के बीच खेला जाएगा।

### महिला वर्ग में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला

महिला वर्ग के खेलों में भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहां माइनिंग टीम ने मैकेनिकल टीम को 32-24 अंकों से पराजित किया। वहीं कैरम प्रतियोगिता में 80 प्रतिभागियों में से शीर्ष चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं, जिनके मुकाबले आगामी दिवस में आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत वाद-विवाद, गायन, नृत्य एवं नाटक की आकर्षक प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में श्री गोपाल प्रसाद मणिकपुरी, वैशाली श्रीवास्तव, नीला दवे, सुनैना सैलानी एवं डॉ. श्रीश चंद्रवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# धनपुरी में छात्राओं को एचपीव्ही वैक्सीनेशन के लिए किया गया प्रेरित

▶ सहायक आयुक्त ने किया निरीक्षण



**शहडोल।** अध्यक्ष नगर पंचायत बुढ़ार शालिनी सरावगी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनन्द राय सिन्हा ने पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कन्या धनपुरी का निरीक्षण किया।

इस दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत बुढ़ार शालिनी सरावगी ने एचपीव्ही टीकाकरण के संबंध में बालिकाओं को समझाइस दी की यह टीकाकरण बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। यह टीका 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को लगाया जाता है। जिससे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के जोखिमों को कम किया जा सकता है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनन्द राय सिन्हा ने बालिकाओं को बताया कि टीकाकरण के कोई अतिरिक्त दुष्प्रभाव नहीं हैं। निर्धारित उम्र की बालिकाएं एचपीव्ही टीका अवश्य लगवाएं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गोहपारू क्षेत्र में रफ्तार का कहर : अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई बोलेरो

▶ डायल 112 के जवानों ने देवदूत बनकर बचाई युवक की जान

**गोहपारू।** खन्नौथी से सन्ना पहुंच मार्ग पर आज एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहाँ एक तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे एक विशालकाय पेड़ से जा भिड़ी।

इस जबरदस्त टक्कर में वाहन के परखच्चे उड़ गए और चालक गंभीर रूप से घायल होकर मौत और जिंदगी के बीच जूझने लगा। लेकिन समय रहते पहुँचे खाकी के जवानों ने अपनी तत्परता से एक अनहोनी को टाल दिया।



### भीषण टक्कर से दहल गया इलाका

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बोलेरो की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक संतुलन बिगड़ने के कारण वाहन सीधे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी आवाज दूर तक सुनी गई। हादसे के बाद चालक प्रिंस सिंह (उम्र 25 वर्ष), पिता दान सिंह, लहूलुहान अवस्था में गाड़ी के मलबे में फंस गया था। राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस सहायता नंबर 112 पर दी।

### संजीवनी बनी 'डायल 112' आरक्षक और पायलट ने पेश की मानवता की मिसाल

सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम बिजली की गति से मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर मौजूद आरक्षक दीपक साहू और पायलट सचिन पटेल ने बिना एक पल गंवाए मोर्चा संभाला। गाड़ी का हिस्सा दब जाने के कारण घायल प्रिंस बुरी तरह फंसा हुआ था। दीपक साहू और सचिन पटेल ने बड़ी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाला। सड़क हादसों में शुरुआती समय (गोल्डन ऑवर) बहुत कीमती होता है। आरक्षक दीपक और पायलट सचिन ने एम्बुलेंस का इंतजार करने के बजाय खुद की तत्परता दिखाई और घायल को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य गोहपारू केंद्र पहुंचाया।

### अस्पताल में उपचार जारी

घायल प्रिंस सिंह को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। डॉक्टरों का कहना है कि यदि अस्पताल लाने में थोड़ी भी देरी होती, तो युवक की जान को बड़ा खतरा हो सकता था।

# 25 .52 लाख वसूले, ननि खजाने में जमा

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में पारदर्शिता और शुचिता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में चलाए जा रहे इस भौतिक सत्यापन अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। योजना की शुद्धता बनाए रखने के लिए किए जा रहे नियमित सत्यापन के सही परिणाम सामने आए हैं। उपायुक्त अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक सघन जांच की गई।

# गोहपारू शिक्षक संघ ने टीईटी परीक्षा का किया विरोध

▶ तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत गोहपारू।** टीईटी प्रारंभिक पात्रता परीक्षा के आयोजन और उसकी विसंगतियों के विरोध में आक्रोश व्यक्त किया गया। संघ के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार गोहपारू को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

### मुख्य मांगें और विरोध का कारण

अध्यापक संयुक्त मोर्चा का कहना है कि वर्तमान परीक्षा प्रणाली शिक्षकों के हितों के खिलाफ है। ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर आपत्ति जताई गई है:

**परीक्षा की जटिलता** -शिक्षकों का तर्क है कि अनुभव के बावजूद इस तरह की परीक्षाएं मानसिक दबाव पैदा करती हैं।

**कार्यभार में वृद्धि**- शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ बार-बार परीक्षाओं के आयोजन से शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

### नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जाये


माननीय सुप्रीम कोट में पुनर्विचार याचिता सरकार द्वारा दायर की जाय।

### इनकी रही उपस्थित

उक्त रैली प्रदर्शन में ब्लॉक इकाई से बालेन्द्र कुमार मिश्रा राजेंद्र सिंह अमर बहादुर सिंह सुशील सिंह लक्ष्मीकांत द्विवेदी अनिल द्विवेदी परमानन्द यादव रामकृष्ण तिवारी, अमित सिंह बनवीर सिंह प्रदीप सिंह अरुण मिश्रा प्रदीप मिश्रा मिथलेश प्रसाद सोनी अनिल तिवारी राजेंद्र किशोर शर्मा अमृतलाल कोल लाल सिंह और मोर्चा के पदाधिकारिय एवं अध्यापक एवं शिक्षक साथि उपस्थिति रहे।

# विशिष्ट विद्यालयों के कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त रखने की मांग

▶ शिक्षक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस, शहडोल ने पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा (संस्थापक एवं संरक्षक), प्रान्ताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, संभागीय अध्यक्ष चांद सिंह पट्टूटावी तथा जिला अध्यक्ष अख्तर हुसैन के नेतृत्व में कलेक्टर शहडोल को ज्ञापन सौंपकर विशिष्ट विद्यालयों के कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त रखने की मांग की है।

ज्ञापन में संगठन ने बताया कि म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड, भोपाल के पत्र क्रमांक एसबीएसईबी/ईएफए/2020/26 91, दिनांक 14 अक्टूबर 2020 के प्रावधानों के बावजूद नगरपालिका परिषद द्वारा वर्ष 2027 की जनगणना के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं जनगणना) के लिए प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की नियुक्ति में अनियमितताएं बरती गई हैं। संगठन के अनुसार, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालयों को शासन द्वारा विशेष श्रेणी में रखते हुए वहां के कर्मचारियों को अन्यत्र कार्य से संबद्ध नहीं करने के निर्देश हैं, इसके बावजूद शिक्षकों को एकतरफा जनगणना कार्य में लगा दिया गया है, जिससे विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है और यह स्थिति तालाबंदी जैसी बन रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि दिव्यांग एवं गंभीर बीमारी से ग्रसित कर्मचारियों की भी जनगणना ड्यूटी लगा दी गई है। साथ ही ड्यूटी निर्धारण के दौरान पात्रता का ध्यान नहीं रखा गया तथा सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारियों को भी बिना परीक्षण के कार्य में शामिल कर दिया गया है। संभागीय अध्यक्ष चांद सिंह पट्टूटावी ने कहा कि इस प्रकार की कार्यप्रणाली से न केवल शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि शासन के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के निष्पादन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सभी बिंदुओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए और विशिष्ट विद्यालयों के कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त किया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# अहाना ताम्रकार ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया नगर और परिवार का गौरव



**बुढ़ार।** शिक्षा के आकाश में एक और उज्ज्वल सितारा दमक उठा है। सनराइज अकेडमी स्कूल, विक्रमपुर रोड बुढ़ार की होनहार छात्रा अहाना ताम्रकार ने कक्षा 3वीं में 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे नगर का मान-सम्मान बढ़ाया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि लगन, परिश्रम और संस्कारों का संगम जब एक साथ होता है, तो सफलता निश्चित रूप से कदम चूमती है।

अहाना ताम्रकार, पिता जितेंद्र ताम्रकार और माता कीर्ति ताम्रकार की सुपुत्री हैं, जिन्होंने अपनी मेधावी प्रतिभा और अनुशासित अध्ययन के बल पर यह गौरवपूर्ण स्थान हासिल किया है। विद्यालय द्वारा जारी अंकसूची में उन्हें सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए + ग्रेड प्राप्त हुआ है, जो उनके सर्वांगीण विकास और बौद्धिक क्षमता का प्रमाण है।

विद्यालय परिवार ने भी अहाना की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकों का कहना है कि अहाना न केवल पढ़ाई में अव्वल है, बल्कि अनुशासन, विनम्रता और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी अग्रणी रहती है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

इस गौरवपूर्ण क्षण पर परिवार के सभी सदस्यों, दादा दादी, बुआ, नाना नानी,बड़े पापा, बड़ी मम्मी,चाचा वा परिवार के सभी बड़े बुजुर्गो व इष्टमित्रों एवं नगर के प्रबुद्धजनों ने अहाना को हार्दिक बधाई एवं शुभाशीष प्रदान किया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह उपलब्धि केवल एक छात्रा की सफलता नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।

अहाना की इस उपलब्धि में उनके माता-पिता का मार्गदर्शन, शिक्षकों का स्नेह और स्वयं की अथक मेहनत का विशेष योगदान रहा है। यह सफलता उनके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है, जो आने वाले समय में उन्हें और भी ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

निस्संदेह, अहाना ताम्रकार की यह सफलता एक प्रेरणादायक संदेश है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मन में दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ के रूप में स्थापित होगी।

# युवक की हत्या करने वाले को दस साल की सजा

**जबलपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्ण मूर्ति मिश्रा की अदालत ने चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने वाले आरोपी अमन साहू को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी अमन साहू को दस साल के सश्रम कारावास व दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अदालत के समक्ष विशेष लोक अभियोजक मनीषा दुबे ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 8 जुलाई 2022 की रात्रि करीब पौने बारह बजे लार्डगंज क्षेत्र में अमन साहू नामक युवक ने माँ से बात करने की बात को लेकर शैलेन्द्र रैकवार पर चाकू से हमला किया था।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जल मंदिर का शुभारंभ

▶ विद्यार्थियों को भीषण गर्मी से मिलेगी निजात, प्राप्त होगा शीतल जल




**नवभारत बुढ़ार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धनपुरी बुढार के द्वारा शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई है जिसे विद्यार्थी परिषद के द्वारा जल मंदिर का नाम दिया गया है विद्यार्थी परिषद के द्वारा यह कार्य जो भीषण गर्मी में विद्यार्थी हित में किया गया है इसकी चहुओर भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है महाविद्यालय अंतर्गत ज्ञात हो कि महाविद्यालय में लगभग 4500 विद्यार्थी अध्यनरत है उन सभी विद्यार्थियों के लिए भीषण गर्मी में शीतल जल की व्यवस्था करना निश्चित रूप से एक पुण्य का कार्य है विद्यार्थी परिषद के द्वारा लगातार ही कई प्रकार के सामाजिक नवाचार से संबंधित कार्य महाविद्यालय परिसर अंतर्गत किए जाते रहे हैं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अखिलेश सिंह एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक बंधुओं के द्वारा यह व्यवस्था महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए की गई है ताकि भीषण गर्मी में उन्हें शीतल जल प्राप्त हो और उनकी प्यास बुझाई जा सके।

### ये रहे उपस्थित

विद्यार्थी परिषद धनपुरी बुढ़ार के द्वारा जल मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य डॉ गंगा मिश्रा विद्यार्थी परिषद विभाग संयोजक अखिलेश सिंह श्रीमती डॉक्टर एन. मानिकपुरी डॉ दीपा सिंह डॉ रानी पटेल डॉ रेणु सोनी केपी त्रिपाठी डॉ एस एम प्रजापति डॉ किरण की एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं एवं महाविद्यालय छात्राओं की गरिमामई उपस्थिति रही।

# शहडोल-टेटका मार्ग पर धूल का गुबार : एमपी आरडीसी की लापरवाही पड़ रही राहगीरों पर भारी

**नवभारत गोहपारू।** शहडोल। जिले में सड़क विकास की कछुआ चाल और निर्माण एजेंसियों की मनमानी अब ग्रामीणों के सब्र का इम्तिहान ले रही है। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (MPRDC) के अंतर्गत शहडोल से टेटका तक बन रही सड़क विकास के बजाय विनाश का अहसास करा रही है। ग्राम टेटकी खन्नौधी सरसी में चल रहे निर्माण कार्य ने पूरे क्षेत्र को धूल के आगोश में ले लिया है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है बल्कि लोगों का स्वास्थ्य भी दांव पर लगा है।

**नियम ताक पर:** ठेकेदार की मनमानी से बढ़ी मुसीबत सड़क निर्माण के मानकों के अनुसार, निर्माण स्थल पर गिट्टी बिछाने के बाद सतह को गीला रखना अनिवार्य है ताकि महीन डस्ट हवा में न उड़े। लेकिन कनौदी में स्थिति इसके ठीक उलट है। निर्माण एजेंसी द्वारा लागत बचाने के चक्कर में पानी का छिड़काव (Water Sprinkling) नहीं किया जा रहा है।



क्षेत्र की मुख्य समस्याएं:

**शून्य विजिबिलिटी:** भारी वाहनों के गुजरते ही धूल का ऐसा बवंडर उठता है कि पीछे चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को कुछ भी दिखाई नहीं देता।

**स्वास्थ्य का खतरा:** लगातार उड़ रही धूल के कारण ग्रामीणों में दमा, एलर्जी और आंखों में संक्रमण का खतरा बढ़ गया है।

**फसलों को नुकसान:** सड़क किनारे स्थित खेतों में धूल की परत जमने से किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं।

### बाइक चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा सफर

सबसे बदतर स्थिति बाइक चालकों की है। गिट्टी डली होने के कारण सड़क पहले से ही असंतुलित है, उस पर धूल के गुबार के कारण सामने का रास्ता नजर नहीं आता। आए दिन बाइक सवार इस मार्ग पर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासी अशोकष(परिवर्तित नाम) ने बताया कि 'यहाँ से गुजरना मतलब यमराज को दावत देना है। डस्ट की वजह से दिन में भी हेडलाइट जलानी पड़ती है, कुछ नहीं दिखता।'

**क्या कहते हैं नियम** -

विशेषज्ञों के अनुसार, सड़क निर्माण के दौरान 'डस्ट कंट्रोल प्लान' का पालन करना ठेकेदार की कानूनी जिम्मेदारी है। धूल न उड़े इसके लिए टैंकरों से दिन में कम से कम 3 से 4 बार पानी का छिड़काव होना चाहिए। MPRDC के अधिकारियों की मौन सहमति इस लापरवाही को और बढ़ावा दे रही है।

**ग्रामीणों ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी** -खनौधी और आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि यदि अगले 24 घंटों के भीतर प्रशासन और निर्माण कंपनी ने नियमित जल छिड़काव शुरू नहीं किया, तो वे चक्काजाम करने को मजबूर होंगे।

# यात्रियों से वसूल रहे थे रुपए, आरपीएफ ने पकड़ा

**जबलपुर, नवभारत।** शुक्रवार को आरपीएफ द्वारा दी गई सूचना के अनुसार गाड़ी सं. 22909 वलसाड पुरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रियों से पैसे मांग कर परेशान करने की शिकायत जबलपुर पोस्ट पर प्राप्त होने पर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार, आरक्षक हरिकेश दुबे, सूर्यनाथ यादव व शत्रुघन सिंह के द्वारा जबलपुर स्टेशन के आउटर एवं स्टेशन पर चेकिंग के दौरान आउटर पर उतरे 03 किन्नरों को पकड़ा जिनके द्वारा यात्रियों से पैसा वसूलने और उन्हें परेशान करने की बात स्वीकार की गई। आरपीएफ ने किन्नरों के विरुद्ध रेल अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई।